प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

7 नवंबर 2022

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना के अंतर्गत समय-पूर्व मोचन – 11 नवंबर 2022 (12 नवंबर 2022 को दूसरा शनिवार होने के कारण) को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य (एसजीबी 2017-18 शृंखला I)

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना पर भारत सरकार की दिनांक 20 अप्रैल 2017 की अधिसूचना एफ.सं.4(8)-डब्ल्यूएंडएम/2017 (एसजीबी 2017-18 शृंखला I - जारी करने की तारीख 12 मई 2017) के अनुसार, स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख, जिस तारीख से ब्याज देय है, से पांच वर्ष के बाद उस स्वर्ण बॉण्ड को समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। तद्नुसार, उपरोक्त शृंखला के समय-पूर्व मोचन की दूसरी देय तिथि 11 नवंबर 2022 (12 नवंबर 2022 को दूसरा शनिवार होने के कारण) होगी।

2. इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के 999 शुद्धता वाले सोने के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा। तद्नुसार, 11 नवंबर 2022 (12 नवंबर 2022 को दूसरा शनिवार होने के कारण) को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹5053/- (पांच हजार तिरपन रुपये मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा, जो 31 अक्तूबर - 04 नवंबर 2022 सप्ताह के लिए सोने के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1163